हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

11 50 मीटर दौड़ में वंश रहा प्रथम



12 पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने पीजीआई की सुरक्षा जांची



खास खबर आपके लिए

6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थी कोटा की नं. 1 फैकल्टी के मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टैस्ट में 31 मार्च को हिस्सा ले सकते हैं। फीचर इम्पैक्ट

## 100% स्कॉलरशिप के साथ आईआईटी, नीट के लिए तैयार हो जायें 11वीं के बच्चें इस रविवार

हरियाणा की नं. 1 कोचिंग संस्था कोटा क्लासिज रोहतक में कोटा की टॉप फैकल्टी है। जिन्होंने आईआईटी/नीट मेडिकल में प्रथम रैंक देने का इतिहास रचा है अब कोटा के बाद रोहतक में भी हर साल एम्स, नीट, आईआईटी में अच्छी रैंक देकर कोटा की फैकल्टी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनी हुई है। 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 31 मार्च को कोटा पैटर्न का सबसे बड़ा मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टेस्ट रोहतक में होने जा रहा है। मात्र 3 घंटे निकालिए और जानिए कैसे कोटा की टॉप फैकल्टी आपको भी टॉपर बना सकती है। जी हां, 31 मार्च आपके लिए खास साबित होगी। इस स्कॉलरशिप टेस्ट में आपको कोटा की टॉप फैकल्टी से फ्री में पढ़ने का मौका मिल सकता है। इनका दावा है कि मात्र 1 क्लास अटैंड करने से आप मान जाएंगे कि रोहतक में भी देश की नं. 1 फैकल्टी है, जिनसे पढ़कर हम भी टॉपर बन सकते हैं। प्रिय अभिभावक अपने बच्चों के लिए आप भी समय निकाले और जानें कोटा की फैकल्टी क्यों रिजल्ट के लिए जानी जाती है।

### 100% तक स्कॉलरशिप मिलेगी

रविवार 31 मार्च 2024 को रोहतक में कोटा का सबसे बड़ा स्कॉलरशिप टेस्ट का हिस्सा बनें और पाएं 100% स्कॉलरशिप

- कक्षा 6 से 12वीं तक पढ़ रहे विद्यार्थियों को 100% तक की स्कॉलरशिप के साथ-साथ फ्री में टॉप स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।
- नीट/आईआईटी के लिए क्रेश कोर्स कोटा पैटर्न का मिलेगा, जिसमें पढ़ने के साथ सफलता आपके कदम चूमेगी।

### फ्री रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

विद्यार्थियों के लिए इस मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टैस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है, जो बिल्कुल फ्री है। संपर्क करें : **कोटा क्लासिज,** सालासर कॉम्पलैक्स, मॉडट टाऊन, नजदीक सीआर पोलटैक्निक कॉलेज, रोहतक या फिर इन नम्बरों पर भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं - **98964-51410, 97285-44433**

Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

### शहर में आज

- नगर निगम में प्रोपर्टी आईडी को लेकर जांच होगी
- चौधरी छोटूराम धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक होगी
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- डाइट मदीना में ई कंटेंट प्रशिक्षण शिविर लगेगा

### बिजली कट

- सुबह 8 से 11 बजे तक

वैश्य कॉलेज, नया पड़ाव, अग्रसेन कॉलोनी, जनता कॉलोनी, कच्चा बेरी रोड, न्यू जनता कॉलोनी, सुनारिया रोड, श्री राम नगर, हरी सिंह कॉलोनी, कुंज विहार, नई अनाज मंडी, नई सब्जी मंडी, शुगर मिल कॉलोनी, अजीत कॉलोनी, राजेंद्र कॉलोनी, पालिका कॉलोनी, रेलवे फीडर, मेन डिस्पोजल फीडर आदि पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

- 10 से 2 बजे तक

देव कॉलोनी 11 फीडर सं संबंधित क्षेत्र में बिजली नहीं आएगी

लोगों ने सरकार को भेजी थी गड़बड़ी की शिकायतें

## सीएम फ्लाइंग-सीआईडी ने खंगाला नगर निगम का प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड

- सुबह 11 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक चली कार्रवाई
- शनिवार को भी चलेगी गहन छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की टीम ने शुक्रवार को दिनभर नगर निगम का रिकार्ड खंगाला। टीम सुबह ही कार्यालय में पहुंच गई। जहां प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच के अधिकारियों से प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड लेकर जांच पड़ताल की गई। इस दौरान शाम तक कार्यवाही चली। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से भी रिकार्ड के बारे में जानकारी ली। जिसमें मिली कुछ खामियों को लेकर टीम तह तक जाएगी। अधिकारी शनिवार को भी कार्यालय में जांच पड़ताल करेंगे। जानकारी के अनुसार, सुबह सीआईडी इंचार्ज दिनेश ढाका, एसआई कर्मबीर सिंह अन्य अधिकारियों के साथ निगम कार्यालय में पहुंचे। जहां डीएमसी, जेडटीओ से बातचीत की। इस दौरान टीम ने प्रॉपर्टी आईडी का रिकार्ड मांगा और उसकी जांच की। टीम के अधिकारियों ने संयुक्त आयुक्त से भी मुलाकात की। अधिकारियों ने दोपहर और शाम को भी रिकार्ड की जांच की। उन्होंने इस दौरान शहर की बाहरी दर्जनों कॉलोनियों की फाइल की जांच की। जिसमें से महत्वपूर्ण जानकारी लेकर टीम शाम को रवाना हो गई।



रोहतक। नगर निगम कार्यालय की टैक्स ब्रांच में मौजूद सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की टीम।

### सरकार को भेजी गई शिकायतों पर कार्रवाई

काफी दिनों से लोग सरकार और अधिकारियों को शिकायत भेज रहे थे। बाहरी और अवैध कॉलोनियों की प्रॉपर्टी आईडी वैध कॉलोनियों में तब्दील करने की शिकायतें मिल रही थी। इसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई। इसके बाद सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की टीम ने जांच शुरू की है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कोई गड़बड़ी मिली है या नहीं। शनिवार की जांच के बाद कुछ कहा जा सकता है।

### कैमरों की लोकेशन पर सवाल

नगर निगम में अधिकारियों के कमरों के बाहर लगे कैमरों की लोकेशन भी अलग पाई गई। एक अधिकारी के कमरे के बाहर लगा कैमरा भी गलत लोकेशन पर था। इसके अलावा कई और कैमरों की लोकेशन की जांच पड़ताल की गई। सम्भावना है कि टीम जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज भी निकला सकती है।

### आज भी चलेगी जांच

दोनों टीमों के अधिकारियों ने अब तक की जांच में अहम सुराग हाथ लगे हैं। लेकिन तह तक जाने के लिए शनिवार को दोबारा टीम नगर निगम जा सकती है। जहां प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड की जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा।

## राज मोहल्ला में सीवर जाम, लोगों ने किया जन स्वास्थ्य कार्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के वार्ड नंबर 19 स्थित राज मोहल्ला निवासी सीवर की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा ठेकेदार ने सीवर का गलत ढंग से निर्माण किया है जिसकी वजह से हमेशा जाम रहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। वार्ड 19 के राज मोहल्ला निवासी जसबीर कुमार, बिमला, राजबाला, लाली, रामफल, ओमपति, गीता, रानी व पूनम आदि ने बताया कि पिछले कई महीने पहले कॉलोनी में सीवर लाइन डाली गई थी। नई सीवर लाइन डालने के दौरान ठेकेदार ने सीवरों के बीच में की दूरी 50 फुट से बढ़ा दी। सीवर का फासला अधिक होने के कारण वे जाम हो जाते हैं। इनकी सफाई ठीक से नहीं हो पाती और गंदा पानी बाहर आने लगता है। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





रोहतक। राज मोहल्ला में जाम हुए सीवर। जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में पहुंचे राज मोहल्ला के निवासी। फोटो: हरिभूमि

### कई बार दी शिकायतें

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत उन्होंने एक्सईएन को दी थी। उस समय अधिकारियों ने उनको समाधान का आश्वासन दिया लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस समस्या का निवारण जल्दी कियण जाए, क्योंकि इस समय वहां नया रोड बनाया जा रहा है। जो एक बार बन गया तो उसे तोड़कर ही सीवर की समस्या ठीक हो पाएगी।

## 16 क्विंटल सरसों की आवक, बिक्री पांच ही क्विंटल की हुई

**रोहतक।** सरकार ने गत 26 मार्च से सरसों की खरीद शुरू की है। लेकिन अभी तक रोहतक की मंडी जिंस से गुलजार नहीं है। शुक्रवार को मंडी में मात्र 16 क्विंटल फसल की आवक हुई। इसमें से खरीद एजेंसी हैफेड ने 5 क्विंटल ही खरीदी। बाकि में एजेंसी ने निर्धारित मापदंडों से ज्यादा नमी बताकर खरीदने से इंकार कर दिया। खरीद प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों ने किसान से अनुरोध किया कि फसल को पूरी तरह से सुखाकर ही मंडी में लाएं। शुक्रवार शाम को मौसम विभाग की तरफ पूर्वानुमान जारी किया गया है शनिवार शाम तक प्रदेश कई जिलों में जिनमें रोहतक भी शामिल है मैं बूंदाबांदी हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो फसल की कटाई-कढ़ाई के कार्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस हिसाब से फसल की आवक में और देरी होगी। हालांकि अब फसल पककर पूरी तरह से तैयार है। लेकिन कटाई मौसम पर ही निर्भर करेगी। मौसम साफ रहेगा तो कटाई होगी, वरना नहीं।



## 29 मार्च से 6 अप्रैल तक धानाचूली में लगेगा एनएसएस शिविर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा धानाचूली (उत्तराखंड) में 29 मार्च से 6 अप्रैल तक युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहा है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. तिलक राज ने बताया कि इस शिविर में विश्वविद्यालय के यूटीडी एवं संबद्ध महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े 9 स्वयंसेवक तथा 18 स्वयंसेविकाएं भाग ले रही हैं। इसमें डॉ.सविता यादव तथा एनएसएस प्रकोष्ठ से मोहित अहलावत के नेतृत्व में एनएसएस वालंटियर्स भाग लें। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो.तिलक राज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना इस दल को रवाना किया तथा शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एनएसएस प्रकोष्ठ से संदीप दूहन भी मौजूद रहे।



## नशीले पदार्थ सहित महिला को किया काबू

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले पदार्थ सहित महिला को काबू किया है। महिला से 4 ग्राम हैरोइन बरामद हुई है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल पीएसआई मनोज ने बताया कि करतारपुरा निवासी महिला नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है। इंद्रा कॉलोनी के पास से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान नविता निवासी करतारपुरा के रुप में हुई। तलाशी लेने पर महिला के पास से 4 ग्राम हैरोइन बरामद हुई है।

## बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों में न करवाएं बच्चों का दाखिला शिक्षा विभाग इन स्कूलों को बंद करने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

कस्बे में चल रहे बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिक्षा विभाग इस बार सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। शिक्षा विभाग इन स्कूलों को 31 मार्च से ही बंद करने की तैयारी कर रहा है। 1 अप्रैल 2024 से विद्यार्थी ऐसे स्कूलों में दाखिला नहीं ले पाएंगे जो शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त नहीं हैं। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग नोटिस भेज रहा है। बिना मान्यता के चलने वाले स्कूलों की जानकारी विभाग ने क्लस्टर स्तर पर टीमों का गठन कर ले ली है। समाचार पत्र के माध्यम से भी शिक्षा विभाग के अधिकारी अभिभावकों को बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला न करवाने के बारे में जागरूक भी कर रहे हैं।

### किसी भी प्रकार की मान्यता के दस्तावेज नहीं मिले

गोल्डन प्राइमरी स्कूल काहनौर, एसवीएम स्कूल लाहली, आईपीएस स्कूल आंवल, इंडियन पब्लिक स्कूल बनियानी, सरस्वती वंदना पब्लिक स्कूल बनियानी, बाल सरस्वती बीएस जूनियर विंग ककराना, एमडी मॉडल स्कूल ककराना

#### क्लस्टर आधार पर टीमें गठित

गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिले रोकने के लिए क्लस्टर आधार पर टीमें बनाई गई हैं। टीम के सदस्य अपने-अपने क्लस्टर में स्कूलों की जांच करेंगे और उन स्कूलों को बंद करवाएंगे। कस्बे में ऐसे स्कूल भी हैं जिनके पास छोटी कक्षा की मान्यता है, लेकिन वह बड़ी कक्षाओं के दाखिले कर रहे हैं।

### अभिभावक स्वयं होंगे जिम्मेदार

बीईओ सुनीता देवी ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का दाखिला बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों में न करवाएं। उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार ये स्कूल एक अप्रैल से बंद हो रहे हैं। अगर कोई अभिभावक ऐसा करता है तो इसका जिम्मेदार वो खुद होगा।

### खबर संक्षेप

#### प्रो. राणा को अध्यक्ष का कार्यभार दिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मानविकी एवं कला संकाय के डीन प्रो. रणदीप सिंह राणा को संगीत विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि संगीत विभाग के अध्यक्ष का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर आगामी1 अप्रैल से आगामी आदेशों तक दिया गया है।

#### पैरा एथलीट संदीप ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

**रोहतक।** तमिलनाडू के कोयंबटूर में पिछले दिनों आयोजित 16वीं राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में शास्त्री नगर के संदीप मोर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और टीम मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीता है। पदक जीतने पर परिवार गदगद है। और लोगों ने परिवार और संदीप को बधाई दी हैं। इससे पहले इन्होंने 2019 में दुबई में विश्व चैंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 5वां स्थान हासिल किया था। कुछ दिन पहले ही 1500 मीटर रिले दौड़ में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2023 में चीन में आयोजित एशियाई स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल किया था। ये ईएसआईसी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं।

हमला | कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोले सांसद शर्मा

## कांग्रेस हुड्डा के घर की पार्टी, आला कमान इनके लिए कोई मायने नहीं रखता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि मुसीबत के समय शहर को अपने हाल पर छोड़कर भागने वाले नेता, चुनाव को देखकर आज अपने आप को जनहितैषी होने का दावा कर रहे हैं, जबकि प्रदेश की जनता को सब मालूम है। सांसद ने कहा कि जाट आरक्षण के दौरान जब रोहतक जल रहा था, उस वक्त कांग्रेस नेता कहां थे और इसका कौन जिम्मेदार है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक से ही चुनाव लड़ने के सवाल का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो हुड्डा के घर की पार्टी है, वे कोई भी फैसला कर सकते हैं। आला कमान इनके लिए कोई मायने नहीं रखते।






रोहतक। भाजपा सांसद अरविंद शर्मा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम में उमड़ा हुजूम।

### मोदी की नीतियों से विश्व में पहचान

सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के चलते ही आज भारत को विश्व में अलग पहचान मिली है, प्रधानमंत्री मोदी की ही गारंटी है, जोकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, रणबीर ढाका, शमशेर खरकड़ा महंत कृष्णमूर्ति हुड्डा सतीश दास राजीव जैन, राजकमल सहगल, तरुण सन्नी शर्मा, आशा शर्मा, मोनू अत्री, चंदभान अत्री, उदयभान मलिक आदि उपस्थित रहें।

### कोरोना में भी कांग्रेस नेता घरों में दुबके बैठे थे

सांसद ने कहा कि कोरोना के समय भी कांग्रेस नेता घरों में दुबके बैठे थे और भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़कों पर उतरकर जनता की सेवा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब चुनाव आया तो कांग्रेस को जनता की याद आने लग गई। बाद में शर्मा ने पत्रकारों से भी बातचीत की। अगर कांग्रेस शासन काल के दौरान जनहित में कार्य किए होते तो आज उन्हें यह दिन नहीं देखना पड़ता।



## सांपला में हल्की बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानों की चिंता, सरसों की फसल मंडियों में पहुंची

**सांपला।** शुक्रवार की देर शाम इलाके में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं सूखा रहा। बूंदाबांदी के साथ कई गांव में हल्की छोटी ओलावृष्टि भी हुई। जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन भी आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। शाम करीब 5:30 बजे के बाद आसमान में बादल छा गए और काली घाट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। उनके साथ कहीं हल्की ओलावृष्टि भी हुई। ऐसा देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीर देखी गई। किसानों का कहना कि गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी हैं। अगले हफ्ते में कटाई शुरू की जाएगी। अगर मौसम बिगड़ता है तो उनको काफी आर्थिक नुकसान होना उठाना पड़ेगा। वही अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी सरसों का कुछ हिस्सा बारिश में भीग गया लेकिन अधिकतर आढ़तियों ने उन्हें सुरक्षित रख लिया। मार्केट कमेटी सचिव दीपक कुमार ने बताया कि 2 दिन के अंदर करीब साढे 4500 क्विंटल सरसों खरीद हो चुके हैं और खरीद लगातार जारी रहेगी।

एंज्वॉयमेंट

हम सिर्फ फर्स्ट अप्रैल को ही नहीं अकसर ही आपस में प्रैंक करके एंज्वॉय करते हैं। टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी ऐसा करते हैं। यहां जारा वारसी और इवान दीक्षित बता रहे हैं, जब उन्होंने फ्रैंक किया या उनके साथ प्रैंक हुआ।



# बड़ा मजा आया जब किया मजेदार प्रैंक

## फूल बनाया ही नहीं बनी भी : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उससे यह पूछने पर कि क्या उसने कभी किसी को अप्रैल फूल बनाया है या वह बनी है, या फिर किसी के साथ प्रैंक किया है तो सबसे पहले उसने जो प्रैंक किया था, हंसते हुए उसके बारे में बताती है, 'हां मैंने प्रैंक किया है। हमारे शो में दरोगा हप्पू सिंह का कैरेक्टर करने वाले योगेश त्रिपाठी जी अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हम सब को हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उनके साथ प्रैंक करने का प्लान बनाया। वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। एक सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा कि आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इतना सुनते ही उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा कि आपकी मूंछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इसके बाद उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को फिर से मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह इतने कॉन्शस हो गए कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद वह मुझसे पूछते कि अब तो मूंछें ठीक हैं ना? वह शो के डायरेक्टर के पास भी चले गए। उनसे पूछा कि कैमरे पर मेरी मूंछें ठीक लग रही हैं ना? डायरेक्टर चौंके और बोले कि ठीक तो लग रही हैं, लेकिन आप फिर से अपनी मूंछें फिक्स करना चाहें तो कर सकते हैं। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक किए जा रहे थे। उन्हें ऐसे करते देखकर हमें हंसी आ रही थी। पैक-अप के बाद आखिरकार मैंने उन्हें बता दिया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थीं, मैं उनके साथ प्रैंक कर रही थी। यह सुनकर वह पहले तो थोड़ा-सा नाराज हुए फिर हंसने लगे।'

जारा वारसी एक और प्रैंक का किस्सा बताती है। इस बार उसके एक दोस्त ने उसके साथ प्रैंक किया और वह फूल बनी। जारा हंसते हुए बताती है, 'यह प्रैंक पहली अप्रैल को हम दोस्तों के साथ किया गया था। हमारे एक दोस्त ने मुझे और मेरे कुछ दोस्तों को अपने घर यह कह कर बुलाया कि उसका जन्मदिन है। उसने एक थीम पार्टी रखी है, जिसमें हमें सुपरहीरो की ड्रेस पहनकर आना है। मैं और मेरे दोस्त सभी अलग-अलग सुपरहीरो की ड्रेस में बहुत उत्साह के साथ उसके घर पहुंचे। वहां पहुंचकर हमें पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है। हमें 'अप्रैल फूल' बनाया गया है। लेकिन मेरे दोस्त की मम्मी ने हमारे लिए बहुत टेस्टी डिशेज बना रखी थीं, हमें खिलाई। उन डिशेज को खाकर बहुत मजा आया।' *

## गिफ्ट देकर किया प्रैंक इवान दीक्षित



**इवान दीक्षित,** आजकल सोनी सब चैनल के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में शौर्य की भूमिका में खूब रंग जमा रहा है। इवान भी अपने द्वारा प्रैंक किए जाने का किस्सा बताता है, 'मैंने अपने शो में डॉक्टर ध्रुव का रोल करने वाल ईशान धवन के साथ एक बार प्रैंक किया था। मैंने उन्हें एक बड़ा सा डिब्बा यह कहकर दिया कि इसमें उनके लिए गिफ्ट है। उन्होंने बड़े उत्साह से डिब्बा खोला। उसमें से एक पंचिंग ग्लव बाहर निकल आया, जिसने ध्रुव भैया के चेहरे पर पंच मारा। ध्रुव भैया का चेहरा देखने लायक था। हम सभी यह देखकर जोरों से हंस पड़े। ध्रुव भैया ने थोड़ी नाराजगी जरूर दिखाई फिर वे भी हंस पड़े। यह प्रैंक न केवल ध्रुव भैया के लिए बल्कि हम सभी के लिए एक मजेदार एक्सपीरियंस था। जहां तक फर्स्ट अप्रैल यानी फूल्स डे की बात है तो यह एक ऐसा मौका होता है, जब लोगों को एक-दूसरे के साथ मजाक करके हंसने-खिलखिलाने का चांस मिलता है। *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

हंसो-हंसाओ/ अनुराग मनींद्र

# अप्रैल फूल बनाने के मजेदार आइडियाज



बच्चों, 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं, खूब मजे लेते हैं, हंसते-हंसाते हैं। हम तुम्हारे लिए 'प्रैंक्स' के कुछ मजेदार आइडियाज लेकर आए हैं। तुम इन्हें फॉलो कर अपने दोस्तों को 'अप्रैल फूल' बनाकर एंज्वॉय कर सकते हो।

**इंटरेस्टिंग गेम के नाम पर प्रैंकः** 'आज हम एक नया और इंटरेस्टिंग गेम खेलेंगे', फोन पर तुम यह बोलकर अपनी कॉलोनी के दोस्तों को पार्क या प्ले-ग्राउंड में बुलाओ, लेकिन तुम वहां मत पहुंचो। जब तुम्हारे दोस्त ग्राउंड में पहुंचकर तुम्हें कॉल करें तो तुम कॉल रिसीव करो लेकिन बिना कुछ बोले म्यूजिक सिस्टम या किसी दूसरे मोबाइल में गाना बजा दो- 'अप्रैल फूल बनाया!' इस तरह तुम एक साथ कई सारे दोस्तों को एक साथ 'अप्रैल फूल' बना लोगे।

**अजीब स्वाद वाला प्रैंकः** बच्चों तुम क्रीम बिस्किट का पैकेट ले आओ और उसकी क्रीम की लेयर्स को अलग कर लो। उसमें से क्रीम निकाल कर उसकी जगह ग्रीक योगर्ट और टोमैटो-सॉस मिक्स करके डाल दो। फिर बिस्किट के दोनों लेयर्स को पहले की तरह आपस में चिपका दो। चाहो तो इसे थोड़ी देर फ्रीजर में भी रख सकते हो, इससे बिस्किट के लेयर्स अच्छे से चिपक जाएंगे। ये क्रीम बिस्किट अपने किसी दोस्त को खिलाओ। इसे खाते ही तुम्हारा दोस्त कुछ अजीब-सा मुंह बनाएगा। इससे पहले कि वो गुस्सा हो, तुम 'अप्रैल फूल' बोलकर उसे गले लगा लो।

**खाली गिफ्ट वाला प्रैंकः** एक सादे पेपर पे स्केच-पेन या कलर पेंसिल से 'अप्रैल फूल' लिख लो। फिर इसे घर में पड़े किसी खाली डब्बे में रखकर, डब्बे को गिफ्ट-पेपर से पैक कर दो। पैकिंग इतनी खूबसूरती से करो कि लगे इसमें कोई अच्छी-सी चीज होगी। यह 'खाली गिफ्ट' अपने किसी दोस्त को देकर तुम उसे 'अप्रैल फूल' बना सकते हो। *

### रखो इस बात का भी ध्यान

बच्चों, हल्के-फुल्के हंसने-हंसाने वाले प्रैंक्स तो ठीक हैं। लेकिन किसी के साथ ऐसा प्रैंक मत करना कि वह डर जाए, उसे चोट लग जाए या किसी अन्य प्रकार की हानि पहुंचे या फिर उसे अपनी इंसल्ट महसूस हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखो, अगर तुम्हें कोई 'अप्रैल फूल' बना दे तो तुम नाराज या गुस्सा न होकर 'फूल' ही रहो। उसके साथ खुद भी हंसो, एंज्वॉय करो।

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

# बनाया अप्रैल फूल!

ऑफिस में बैठे थे पापा, बजी फोन की घंटी,
बोल रहा था उधर से उनका नन्हा बेटा बंटी।
'पिक्चर का प्रोग्राम शाम का मम्मी और मैंने बनाया',
फोन पे बंटी जी ने अपने पापा को फरमाया।
मम्मी बोलीं, 'आप टाइम से थिएटर पे आ जाना,
देर से आकर बना न देना कोई भी बहाना।'
शाम को पापा पहुंच थिएटर, खूब-खूब चकराए,
क्योंकि न मम्मी, न बंटी नजर वहां पर आए।
हो रहे थे पापा उनको ढूंढ़-ढूंढ़ परेशान,




लिया उन्होंने उस थिएटर का कोना-कोना छान।
तभी मोबाइल पर पापा के फोन बंटी का आया,
बोला, 'क्या आपको अब तक समझ न आया?
आज तो है पहली अप्रैल, गए आप क्या भूल!
मम्मी और मैंने है बनाया, आपको अप्रैल फूल!'

## जीके क्विज- 97



1. हाल में किस पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री भारत आए थे?
2. राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति का क्या नाम है?
3. 'आईपीएल' क्रिकेट टूर्नामेंट का फुल फॉर्म क्या है?
4. सिक्किम की राजधानी का क्या नाम है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है?
6. क्लोरोफिल पेड़ों के किस भाग में पाया जाता है?
7. गोबी का मरुस्थल मुख्य रूप से किस देश में स्थित है?
8. नींबू में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. दिल्ली स्थित लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?
10. न्यूटन, विज्ञान की किस शाखा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे?

बच्चों, जीके क्विज-97 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-96 का उत्तर :** 1-अरुणाचल प्रदेश, 2-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू, 3-19 अप्रैल, 4-लेक्टोमीटर, 5-महात्मा गांधी, 6-हवाई जहाज, 7-राजस्थान का, 8-आठ राज्यों से, 9-गंगा, 10-रूस

**जीके क्विज-96 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, दिलेश्वर-डोंगरगढ़, महक-दुर्ग, प्रतीक-कोरिया, महिमा-भोपाल, नाजिम-जबलपुर, शांतनु-रोहतक, प्रियंका-रायपुर, अभिषेक-चंडीगढ़, रजत-दिल्ली, निशा-बिलासपुर

## हंसगुल्ले



**चिंकू-** मिंकू, अगर मिस्टर बीन सो जाएंगे तो उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंकू -** पता नहीं यार, तू ही बता दे।
चिंकू - अरे वैरी सिंपल, तब बोलेंगे, सोयाबीन।
**-नवीन, रायपुर**

भोलू और उसके पापा डेंटिस्ट की क्लीनिक से लौटते हुए।
**पापा-** भोलू, क्या तुम्हारा दांत अभी तक दर्द कर रहा है?
**भोलू-** पता नहीं पापा, वह तो डॉक्टर अंकल के पास है।
**-प्रांजल, कोरबा**


**पिंकी -** मेरे घर पर बहुत अच्छी चिड़िया है। वह अपना नाम बोल लेती है।
**मिक्की -** अच्छा, क्या नाम है उसका?
**पिंकी -** चीं-चीं।
**-अखिल, बहादुरगढ़**

एक मच्छर जीना नहीं चाहता था। वह छिपकली के पास जाकर बोला, 'प्लीज छिप्पू, मुझे खा लो।'
छिपकली बोली, 'नहीं-नहीं, मुझे डेंगू हो जाएगा।'
**-कमल, राजनांदगांव**

कहानी
अलका जैन 'आराधना'

चिंकू के पापा की सख्त हिदायत थी कि इस बार अगर गणित, विज्ञान में अच्छे नंबर नहीं आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। चिंकू ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की फिर भी उसके अच्छे नंबर नहीं आए। उस पर बहुत बुरी बीती। क्या पापा ने उसको अपने कहे मुताबिक सजा दी?

# चिंकू बना अप्रैल फूल



परीक्षाएं खत्म होते ही चिंकू ने राहत की सांस ली। इन दिनों वह सुबह-शाम पार्क में जाकर देर तक खेलता है। दोपहर में भी वह अपनी छोटी बहन चिंकी के साथ कभी चेस तो कभी कैरम, कभी लूडो खेलता है। स्कूल 1 अप्रैल से खुलेंगे। अब चिंकू आठवीं कक्षा में आएगा। परीक्षा के बाद चार-पांच दिन तो बहुत अच्छी तरह से बीते, लेकिन फिर चिंकू को महसूस हुआ कि उसे थोड़ी घबराहट हो रही है। इसकी वजह थी रिजल्ट, जो जल्दी ही आने वाला था। उसे हर साल रिजल्ट की कोई खास चिंता नहीं रहती थी, लेकिन इस बार पापा ने कहा था कि अगर गणित और विज्ञान में नंबर कम आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। स्कूल से आते ही खाना खाने के बाद उसे ट्यूशन जाना होगा। चिंकू ट्यूशन जाने वाले बच्चों की हालत जानता था। बेचारे पढ़-पढ़ कर परेशान हो जाते हैं। उसने पूरी मेहनत की थी कि गणित और विज्ञान में अच्छे नंबर आएं, लेकिन वह तो सिर्फ मेहनत ही कर सकता था। पता नहीं क्यों उसे लग रहा था कि उसका खेलना-कूदना बंद होने वाला है। पापा इन दिनों उसको लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे थे।

आखिर वह दिन भी आ गया, जब चिंकू का रिजल्ट आया। जिसका डर था, वही हुआ। गणित, विज्ञान के अलावा बाकी सब विषयों में चिंकू के नंबर बहुत अच्छे थे। गणित और विज्ञान में उसे बस ठीक-ठाक नंबर ही मिले थे। यह तो गनीमत थी कि वह रिजल्ट लेने मम्मी के साथ आया था, पापा साथ आए होते तो सबके सामने ही उसे डांट पड़ती। मम्मी ने तो फिर भी बाकी विषयों में अच्छे नंबर लाने के लिए उसे शाबाशी दी।

रिजल्ट लेकर चिंकू घर लौटा तो उसका सारा दिन बहुत मुश्किल से बीता। ज्यों-ज्यों पापा के ऑफिस से आने का समय नजदीक आ रहा था, उसका दिल बैठा जा रहा था।

ऑफिस से आकर चाय पीने के बाद पापा ने चिंकू से कहा, 'बेटा, अपना रिपोर्ट कार्ड लाकर दिखाओ।'

चिंकू डरते-डरते अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया। पापा ने एक नजर रिपोर्ट कार्ड पर डाली और फिर एक नजर चिंकू पर। उसकी नजर झुकी हुई थी। पापा ने उससे कुछ भी नहीं कहा। चिंकू को इस बात से हैरानी हुई, आखिर पापा उस पर गुस्साए क्यों नहीं?

चिंकू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। लेकिन उसके कान जरूरत से ज्यादा ही तेज हो गए थे। कुछ देर बाद उसने बालकनी में पापा को किसी से कुछ कहते सुना। पापा कह रहे थे, 'चिंकू के स्कूल में डे-बोर्डिंग की सुविधा है। मुझे उसका कल ही डे-बोर्डिंग में एडमिशन कराना है। वहां 2 बजे छुट्टी होगी, उसके बाद कुछ खा-पी लेने और रेस्ट के बाद वहीं स्कूल में 4 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चिंकू को ट्यूशन क्लासेस की सुविधा मिल जाएगी। 7.30 बजे मैं उसे घर ले आया करूंगा। फिर वह खाना खाकर और रिवीजन करके सो जाया करेगा। अब उसकी यही दिनचर्या ठीक रहेगी।'

यह सुनकर चिंकू का दिल बैठ गया। ट्यूशन जाने तक की बात तो ठीक थी, लेकिन अब घर रात को लौटना उसके लिए एक बड़ी सजा सी थी। चिंकू उदास होकर बैठ गया। कल से खुलने वाले स्कूल के लिए उसने अपना बैग जमा लिया था। उसे पता था कि डे-बोर्डिंग में जाने वाले बच्चे एक जोड़ी कपड़े अपने साथ रखते हैं, जो उन्हें स्कूल के बाद बदलने होते हैं। उसने बैग में कपड़े रख लिए। चिंकू मन ही मन सोच रहा था कि वह बच्चा ही क्या, जो खेलकूद ना सके। उसने पूरी कोशिश की थी गणित और विज्ञान में नंबर अच्छे आएं लेकिन नहीं आए तो क्या करे। यही सोचते-सोचते वह सो गया।

सुबह अलार्म की घंटी से जब उसकी आंख खुली तो उसे लगा घर के सभी लोग सो रहे हैं। मन ही मन वह अपने आप से बोला, 'ओहो तो आज से मुझे और ज्यादा बड़ा होना होगा। मुझे खुद ही स्कूल जाने की सारी तैयारी करनी होगी।'


चिंकू कमरे से बाहर आया तो उसने देखा बाहर टंगे हुए एक बड़े से गुब्बारे पर लिखा हुआ था, 'अप्रैल फूल बनाया... हमको मजा आया...!' यह देखकर चिंकू हैरान रह गया। तभी पापा अपने कमरे से बाहर निकले और उन्होंने झट से गुब्बारा फोड़ दिया। चिंकी जोर-जोर से ताली बजाने लगी। मम्मी हंसते हुई बोलीं, 'कैसा लगा अप्रैल फूल...!'

पापा हाथ में लिए लड्डू को चिंकू के मुंह में डालते हुए बोले, 'तुम्हारा पार्क में खेलने जाना जारी रहेगा, तुम कहीं डे-बोर्डिंग में नहीं जाओगे। तुम बस मन लगाकर पढ़ाई करते रहो, रिजल्ट की ज्यादा चिंता मत करो।'

चिंकू हर साल किसी न किसी को अप्रैल फूल बनाता था। इस बार तो वह इतना टेंशन में था कि उसे ध्यान ही नहीं रहा कि आज फर्स्ट अप्रैल है। वह खुद ही अप्रैल फूल बन गया। चिंकू हंसते हुए पापा के गले लग गया। उसने मन ही मन संकल्प ले लिया था, इस साल वह कड़ी मेहनत करके गणित और विज्ञान में बहुत अच्छे नंबर लाएगा। *

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। दो मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1. दूसरे वाले चित्र में जमीन पर रखा अंडा गायब है। 2. मुर्गी के गर्दन के नीचे पंख ज्यादा हुए हैं। 3. बाईं ओर वाली पहाड़ी हरियाली की ऊंचाई कम है। 4. दाईं ओर आसमान में बड़ा बादल का टुकड़ा नहीं है। 5. मुर्गे के नीचे वाले पंखों के निचले भाग में लाल पंख दिख रहा है।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में शिमला मिर्च और तरोई दिखाई दे रहे हैं। तुम्हें शिमला मिर्च और तरोई की अलग-अलग संख्या गिनकर बतानी है।



उत्तर: शिमला मिर्च 18, तरोई 24

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां एक कॉलम में कुछ जानवर और दूसरे कॉलम में उनकी परछाइयों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनका सही मिलान करना है। जल्दी से इनका सही जोड़ा तो बनाओ।




उत्तर: 1-C, 2-A, 3-E, 4-B, 5-D

## खबर संक्षेप

### एक साथ 21 जगह ध्यान योग का आगाज

**रोहतक।** ओशोधारा के इतिहास में भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग पर आधारित समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा निर्मित पहले तल के प्रोग्राम ध्यान योग शिविर का आयोजन 21 स्थानों पर भारत व नेपाल में आरंभ हुआ। 29 मार्च से 31 मार्च तक होने वाले इस प्रोग्राम के दूसरे दिन समर्थगुरु मुरथल आश्रम से ऑनलाइन जुड़कर ओंकार दीक्षा देंगे। इस अद्भुत और महान अवसर पर हजारों नए साधक अध्यात्म की मंजिल पर पहला कदम रखेंगे और ओशोधारा के नए सदस्य बनेंगे व समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के रूप में पूर्ण गुरु को पाने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।

### स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



**सांपला।** सर छोटू राम पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे एनएससी शिविर के छठे दिन वन महोत्सव मनाया गया। प्राचार्य डॉक्टर गीता गुलिया व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन जगबीर मलिक द्वारा पौधरोपण किया गया। उन्होंने समय सेवकों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष में बहुत से बीमारियों से बचने का काम करते हैं। हर विद्यार्थी को अपने जन्म दिवस व माता-पिता के याद में भी पौधारोपण करना चाहिए। शिक्षकों के स्वयं सेवकों ने पोधा रोपण किया और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

### एमडीयू के छह गैर शिक्षक कर्मी सेवानिवृत्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मियों को आज सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों- स्टैटिसटिकल एसीसटेंट डॉ. नवीन कुमार, सहायक रोहतास, सीनियर लैब एसीसटेंट सतबीर यादव, ऑफसेट मशीन ऑपरेटर अतर सिंह, लिपिक सुभाष कुमार तथा स्वीपर संतोष कुमारी का फूल मालाओं से स्वागत किया।

---

### गवर्नमेंट कॉलेज महम को मिली पांच करोड़ रुपये की सरकारी ग्रांट

# नए शैक्षणिक सत्र से बदलेगी महम महाविद्यालय की तस्वीर

- प्रधानमंत्री उषा योजना के तहत केंद्रीय उच्चतर शिक्षा मंत्रालय ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

अब गवर्नमेंट कॉलेज महम की तस्वीर बदलने जा रही है। नए शैक्षणिक सत्र में यहां कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। यहां विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को दी जा रही सुविधाओं में इजाफा होगा। जिस तरह से यहां पर तैयारियां चल रही हैं, उससे लगता है कि नए सत्र से यहां पर भूगोल और इतिहास की पीजी कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। यहां के खेल मैदान से लेकर कक्षा कक्ष तक सब बदले बदले नजर आएंगे। कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा और प्रिंसिपल डॉ. सीमा जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री उषा योजना के तहत कॉलेज के लिए पांच करोड़ रुपए की ग्रांट मंजूर हुई है।




**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम का भवन।

इस ग्रांट से कॉलेज के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार होगा। जिसके तहत आर्ट की कक्षाओं के लिए अलग से शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। कॉलेज में एक ऑपन स्टेज बनाई जाएगी। साथ ही कॉलेज के खेल मैदान के चोरों तरफ दर्शकों के बैठने के लिए सीढ़ियां बनाई जाएंगी। कॉलेज का खेल ग्राउंड अब स्टेडियम की तरह नजर आएगा। पुराने कॉलेज भवन का नवीकरण किया जाएगा। जिसके तहत पुरानी इमारतों की मरम्मत और पेंट आदि के कार्य किए जाएंगे। कॉलेज के टॉयलेट्स व वॉशरूम आदि में सुधार किया जाएगा। कॉलेज में नए कंप्यूटर सिस्टम और प्रिंटर खरीदे जाएंगे। कॉलेज में स्मार्ट क्लास रूम बनाए जाएंगे। बायोमैट्रिक मशीन की संख्या बढ़ाई जाएगी। कॉलेज में शूटिंग रेंज बनाई जाएगी। कॉलेज में ही कुश्ती अखाड़ा और कबड्डी ग्राउंड बनाए जाएंगे। साउंड सिस्टम खरीदे जाएंगे। कॉलेज की अलग से अपनी एनसीसी बटालियन शुरू की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में सोलर ग्रिड और प्रेक्टिकल सॉफ्टवेयर की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। प्रिंसिपल डॉ. संतोष हुड्डा ने बताया कि आईक्यूएसी कॉ ऑर्डिनेटर प्राध्यापक रोहित कुमार, डॉ. शिल्पि व डॉ. विनोद कुमार की टीम ने केंद्र सरकार के उच्चतर शिक्षा मंत्रालय से संपर्क किया। कॉलेज को अधिक सशक्त बनाने के लिए उच्चतर शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर आवेदन कर यह ग्रांट हासिल की है। यह ग्रांट हरियाणा के केवल 10 कॉलेजों को मिली है। महम का राजकीय महाविद्यालय रोहतक जिले का एक मात्र ऐसा कॉलेज है, जिसको यह पांच करोड़ की ग्रांट मिली है।

#### टॉप 10 गवर्नमेंट कॉलेजों में शुमार

महम का राजकीय महाविद्यालय अब हरियाणा के टॉप 10 गवर्नमेंट कॉलेजों में शामिल हो गया है। क्योंकि नेक एक्रेडिटेशन टीम ने हाल ही में महम कॉलेज का दौरा किया था और दौरे के बाद अब कॉलेज को बी प्लस ग्रेड मिला है। बी प्लस ग्रेड मिलने पर डीएचई नोमिनी डॉ. संतोष हुड्डा ने कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इससे पहले 2016 में कॉलेज को बी ग्रेड मिला था। अब यह ग्रेड बढ़कर बी प्लस हो गया है। यह सब कॉलेज के प्राध्यापकों, अन्य कर्मचारियों और विद्यार्थियों की मेहनत से ही संभव हो पाया है। एक कस्बा लेवल का कॉलेज हरियाणा के टॉप 10 कॉलेजों में शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि है। नेक ऑवर ऑल कॉ ऑर्डिनेटर प्राध्यापक रोहित कुमार ने बताया कि अब तक बड़े शहरों के केवल 6 कॉलेज ही बी प्लस ग्रेड हासिल कर पाए हैं। ग्रेड बढ़ने से कॉलेज में विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाओं में इजाफा होगा।

---

### आईआईएम रोहतक के निदेशक का दावा

# छात्रों को सबसे ज्यादा सेलरी पैकेज मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय प्रबंध संस्थान रोहतक ने अपने प्रमुख २-वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के बैच के लिए एक और सफल प्लेसमेंट सीजन संपन्न किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने घोषणा की, इस प्लेसमेंट सीजन में बड़ी संख्या में नियमित नियोक्त करने वाली और कई नई कंपनियों की भागीदारी देखी गई। भर्ती करने वाली संगठनों ने कई क्षेत्रों में काम किया और प्रोफाइलों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की, जो उद्योग की जरूरतों को पूरा करते है। यह पेशकश हमारे छात्रों की विविध समूह की क्षमता को प्रमाणित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने बताया कि रोहतक देश के युवा महत्वाकांक्षी प्रबंधकों को उत्कृष्टता और प्रबंध कौशल प्रदान करने में एक दशक से अधिक का समय पूरा कर चुका है। यह देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में से एक है और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में एकमात्र आईआईएम है। संस्थान बीबीए एमबीए डिग्री प्रोग्राम और बीबीए एलएलबी डिग्री प्रोग्राम रखने वाला पहला आईआईएम है।

#### सबसे कम लेते हैं शुल्क

डीन प्रोफेसर कौस्टम घोष ने कहा कि संस्थान का कार्यक्रम शुल्क देश में सभी आईआईएम प्रणाली के अंतर्गत आने वालो संस्थानों में सबसे कम में से एक है। इसलिए, आईआईएम रोहतक सर्वोत्तम रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट वाला एक शीर्ष बी-स्कूल है। घोष ने बताया कि औसत सीटीसी, 18.27 लाख प्रति वर्ष पर, पिछले वर्ष के औसत पर 3% की वृद्धि दर्शाता है, जो 18.7 लाख प्रति वर्ष था। बैच के शीर्ष 10% छात्रों को औसतन 7.25 लाख प्रति वर्ष प्राप्त हुआ, और शीर्ष 25 % और 50% की क्रमशः औसतन 29. 28 लाख प्रति वर्ष की पेशकश की गई है।

संस्थान को वर्ष २०२२ में एएमबीए मान्यता प्राप्त हुई जो इसे दुनिया भर के शीर्ष २% प्रबंध संस्थानी में शामिल कराती है।

संस्थान के बीबीए एलएलबी डिग्री प्रोग्राम को वर्ष 2021 में भारतीय बार काउंसिल से मान्यता प्राप्त हुई थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त हुई है। वर्तमान में यह संस्थान शिक्षा जगत के सबसे प्रमुख नामों में से एक है और भविष्य के व्यापार और विधि जगत के प्रबंधकों को तैयार करने के लिए बह-विषयक दृष्टिकोण के साथ जान प्रदान करता है।

---

# एमडीयू में सब जूनियर राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

34वीं मिनी एवं सब जूनियर राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में शुरू हुई। इसका शुभारंभ यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. कुलताज ने किया। इस मौके के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी गणेश प्रभाकर देवरूखकर रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एशियाई मल्लखम्ब एसोसिएशन के सचिव अभिजीत भोसले रहे। प्रतियोगिता में 20 प्रदेशों से लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हरियाणा मल्लखम्ब एसोसिएशन के मैनपाल समेत कई और गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे।



**रोहतक।** सब जूनियर राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी गणेश प्रभाकर देवरूखकर व यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. कुलताज ।

---

# आजादी को बचाने के लिए महिलाएं आगे आएं

- मैं भी रानी चेन्नम्मा सम्मेलन में बोलीं आशा हुड्डा

रोहतक

मातूराम कम्युनिटी सेंटर में शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मैं भी रानी चेन्नम्मा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा ने संबोधित किया। आशा ने कहा कि हमारे संविधान, समानता के अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी को बचाने के लिए देश की आधी आबादी महिलाओं को आगे आना होगा। मौजूदा सरकार संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करके भारतीय नागरिकों को मिले अधिकारों को छीनना चाहती है। भारत माता ने रानी चेन्नम्मा, महारानी लक्ष्मीबाई से लेकर इंदिरा गांधी और कल्पना चावला जैसी



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आशा हुड्डा ।

महिलाओं को जन्म दिया है। हर मोर्चे पर महिलाओं ने साबित किया है कि वो किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। पहलवान बेटियों ने भी पूरी दुनिया में देश के तिरंगे का मान बढ़ाया। लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि उन्हीं बेटियों को इंसाफ मांगने के लिए सड़कों पर धरना प्रदर्शन करना पड़ता है। सरकार उन्हें न्याय देने की बजाय सड़कों पर घसीटती है। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय दलित महिला अधिकार मंच, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वूमेन्स संगठन, भारत ज्ञान विज्ञान समिति, भारतीय किसान यूनियन, छात्र एकता मंच, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस, दिशा छात्र संगठन, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, महिला कांग्रेस, मेवात विकास सभा, नागरिक मंच, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

#### मर्जर का नाम देकर स्कूलों को कर रहे बंद

आशा हुड्डा ने कहा कि जब हरियाणा के एक मंत्री पर यौन शोषण के आरोप लगाते हैं तो सरकार बिना जांच के ही उसको क्लीन चिट दे देती है और मंत्री पद पर बनाए रखती है।

कभी आशा वर्कर, कभी आंगनवाड़ी वर्कर, कभी मिड डे मील वर्कर तो कभी सफाई कर्मी बहनों को मांगों के लिए बार-बार आंदोलन करना पड़ता है। मौजूदा सरकार ने करीब 5000 स्कूलों को मर्जर का नाम देकर बंद कर दिया। ये वही सरकारी स्कूल है जहां गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों के बच्चे पढ़ते हैं। सरकार द्वारा कॉलेज, यूनिवर्सिटी, प्रोफेशनल कोर्सेज, मेडिकल कोर्सेज की फीस कई कई गुना बढ़ा दी गई।

---

# निंदाना के युवक का हत्या आरोपी गिरफ्तार, रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने गांव निंदाना निवासी युवक की गोली मारकर की गई हत्या की वारदात में आरोपी संदीप उर्फ धरती को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया।

- दोस्त के साथ बाइक पर आते समय घर के पास मारी थी गोली

आरोपी की रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। सीआईए-2 थाना प्रभारी आजाद नैन ने बताया कि जांच में सामने आया कि मोहित दो भाई है, मोहित का भाई सुमित उर्फ़ सेठी 6 अप्रैल 2023 को दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर घर की तरफ गली में आ रहा था। जब सुमित उर्फ़ सेठी अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर सोनू उर्फ़ माकक्ड के घर के पास पहुंचे तो संदीप, साहिल उर्फ़ गोगा अपने अन्य साथियों के साथ बाहर गली में आए व सुमित उर्फ़ सेठी का रास्ता रोक लिया। युवकों ने जान से मारने की नीयत से सुमित उर्फ़ सेठी पर ताबड़तोड़ गोलिया मारी और मौके से फ़रार हो गए। मोहित अपने भाई को इलाज के लिए महम अस्पताल मे लेकर गया।

जहां डॉ. की टीम ने सुमित उर्फ़ सेठी की गोलिया लगने के कारण मौत की पुष्टि की गई। जांच के दौरान 22 मार्च को आरोपी संदीप उर्फ धरती निवासी निंदाना को गिरफ़्तार किया गया। आरोपी को पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से 4 देसी पिस्तौल मैगजीन सहित, 10 कारतूस व 9 मैगजीन अलग से बरामद हुई है। आरोपी ने जिस युवक को हथियार सप्लाई किए थे उस युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

### ग्रोवर ने चुनाव को लेकर बैठक की, बनाई रणनीति

**रोहतक।** पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने शुक्रवार को अपने निवास पर रोहतक विधानसभा के तीनों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, पालक, प्रभारियों की बैठक ली। इसमें लोकसभा चुनावों के मद्देनजर चर्चा हुई। जिसमें हर बूथ पर शक्ति केंद्र प्रवास, माइक्रो डोनेट, 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर रोहतक विधानसभा के हर बूथ पर पार्टी के झंडे लगवाना, रोहतक लोकसभा के चुनाव में रैली करने संबधित कार्यक्रमों की चर्चा हुई।

बैठक में रोहतक विधानसभा के प्रभारी रमेश भाटिया , विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश बागड़ी, मंडल अध्यक्ष अशोक सहगल, राजीव भांकर, जय भगवान जांगड़ा, महामंत्री रॉकी सहगल, मनोज मक्कड़, महाराजा अग्रसेन मंडल के प्रभारी ईश्वर सिंघल, महाराजा शूरसेन मंडल के प्रभारी सतीश आहूजा, डॉक्टर मंगल सैन मंडल के पालक अशोक चौधरी, सुरेंद्र माड्डू, विकास गुप्ता मौजूद रहे।

### वरिष्ठ रंगकर्मी महेश वशिष्ठ बेस्ट थिएटर प्रमोटर अवॉर्ड से सम्मानित




रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के युवा कल्याण विभाग में सुपरवाइजर रहे हरियाणा के वरिष्ठ रंगकर्मी महेश वशिष्ठ को गत दिनों हरियाणा राज्य के बेस्ट थिएटर प्रमोटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। गौरतलब है की महेश वशिष्ठ गुड़गांव के अकेले ऐसे रंगकर्मी हैं जिन्होंने 982 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की उपाधि डिस्टिंक्शन से प्राप्त की। विख्यात अदाकारा नीना गुप्ता और बॉलीवुड कलाकार आलोक नाथ उनके सहपाठी थे। रोहतक की संस्था हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स ने पिछले वर्ष से इस अवार्ड की स्थापना की थी, जिसका नाम उन्होंने अपने ट्रस्टी देवेंद्र नाथ त्रिखा के नाम पर देवेंद्र त्रिखा बेस्ट थिएटर प्रमोटर अवार्ड रखा, जिसमें 11 हजार का चेक, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और एक शॉल राज्य से केवल एक ही ऐसे कलाकार को दी जाती है, जिसने नाटक के कलाकारों को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। महेश वशिष्ठ ने अपने घर की छत पर एक सुंदर सा प्रेक्षागृह बना रखा है, जहां पर कोई भी कलाकार जाकर अपना नाटक कर सकता है जिसके लिए वे कुछ भी चार्ज नहीं करते। उन्हें हरियाणा राज्य का बेस्ट थिएटर प्रमोटर अवार्ड महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्ण सभागार में कुलपति राजबीर सिंह ने दिया। इस मौके पर निदेशक युवा कल्याण जगबीर राठी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरीश कुमार और अवार्ड के संस्थापक वरिष्ठ रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा भी मौजूद रहे।

---

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान

रंगोली के माध्यम से भी मतदान के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिय कुमार ने कहा है कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की मजबूती के लिए समाज के हरेक व्यक्ति को एक-दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मतदान के माध्यम से ही हम अपनी पसंद की सरकार और उसका नुमाइंदा चुन सकते हैं। डीसी ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता शिक्षा को बढ़ावा देने, देश के नागरिकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने के लिए जिला में स्वीप



**रोहतक।** मतदान के लिए प्रेरित करने की खिलाड़ियों को शपथ दिलाई हुए कोच

अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला के विभिन्न विभागों द्वारा मतदाताओं के बीच चुनाव के बारे में शिक्षा और उसमें मतदाता की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि मतदाताओं को जब वोट देने जाना हो तो उन्हें सोच-समझकर चुनाव करना चाहिए ताकि भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके। स्वीप गतिविधियों के तहत आज भी विभिन्न विभागों ने अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करके मतदाताओं को जागरूक किया। खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को मतदान करने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। जिला के विभिन्न कॉमन सर्विस सेंटर के बाहर मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर लगाए गए हैं। इसी प्रकार से ही रोडवेज के रोहतक डिपो द्वारा बसों पर प्रिंट लगाकर मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गई है। रंगोली के माध्यम से भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

---

### सिरतार का वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

# 50 मीटर दौड़ में वंश रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिरतार संस्थान का वार्षिक खेल उत्सव शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस दौरान 50 मीटर दिव्यांगजन लड़कों की दौड़ में वंश प्रथम, अक्षय द्वितीय व हर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा 100 मीटर की दिव्यांगजन लड़कों की दौड़ में मनीष प्रथम, मामन द्वितीय व लोकेश तृतीय, 25 मीटर दिव्यांग लड़कियों की दौड़ में प्रथम परी, द्वितीय सुमन, तृतीय मुस्कान, शॉट पुट लड़को में पार्थ प्रथम, जय राठी द्वितीय व चिराग तृतीय, सोफ्टबॉल टेनिस में हिना प्रथम, निशा द्वितीय व भाविका तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह से 50 मीटर की महिलाओं की दौड़ में प्रथम सुमन, द्वितीय सुनीता व गीता तृतीय, शॉट पुट में विश्नजीत प्रथम, प्रदीप कुमार द्वितीय व चक्रलेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं शॉट पुट में मन्जू देवी प्रथम, सुमित्रा द्वितीय व मिनाक्षी तृतीय, बैडमिंटन पुरूष में निखिल प्रथम, डॉ. केके मलिक द्वितीय, राजवी तृतीय स्थान पर रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एडी पासवान ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सिरतार संस्थान द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में चलाये जा रहे कार्यों व उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महामंडलेश्वर राघवेन्द्र भारती व स्वामी शंकरानन्द ने सिरतार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महामंडलेश्वर राघवेन्द्र भारती व स्वामी शंकरानन्द ।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### गठबंधन का जत्था रोहतक पहुंचा

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के समर्थकों का जत्था शुक्रवार को रोहतक पहुंचा। जींद से रामलीला मैदान के लिया पैदल मार्च कर रहे पदाधिकारियों का आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने उनके निवास स्थान पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल इक्कठा होंगे। 31 मार्च की एलायंस की रैली में बड़े नेता शामिल होंगे।

### नौवीं वर्षगांठ पर भंडारा और हवन कल

**रोहतक।** बेसहारा गोवंश सेवा समिति की नौवीं वर्षगांठ पर 31 मार्च को भंडारा व हवन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजीव गांधी खेल परिसर के सामने स्थित पुल के नीचे होगा। यह जानकारी समिति की प्रवक्ता पुष्पा राणा ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर हरियाणा के एडीजीपी श्रीकांत जाधव मुख्य अतिथि होंगे। जबकि अध्यक्षता समाजसेवी राजेश जैन करेंगे। डीसी अजय कुमार और एसपी हिमांशु गर्ग विशिष्ट अतिथि होंगे।



### संदीप, जोगेंद्र और विजय यूनिट के प्रधान चुने

**रोहतक।** रोहतक सर्कल में शुक्रवार को बिजली वितरण निगम कर्मचारी यूनियन की विभिन्न यूनिट के चुनाव करवाए गए। इनमें सिटी यूनिट प्रधान संदीप जांगड़ा को, वरिष्ठ उपप्रधान सुनील धनखड़, उपप्रधान श्रीभगवान भारद्वाज और सुनील हुडा, सचिव सुनील शर्मा, सहसचिव राकेश पावडिया और संजय डोगरा, कैशियर मनवेंद्र, ऑडिटर धर्मेंद्र, संगठन सचिव राजीव रोहिल्ला, तारा देवी, महेंद्रपाल को, यूनिट एक प्रधान जोगेंद्र दांगी, वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत पान्नू, उपप्रधान संदीप औहल्याण, सचिव सतपाल भारद्वाज को चुना गया।

# पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने पीजीआई की सुरक्षा जांची

## लिफ्ट, कैमरे, इमरजेंसी गेट सब चेक किया, रिपोर्ट तैयार कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस और बम निरोधक दस्ते द्वारा शुक्रवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी का सुरक्षा ऑडिट किया गया। इस दौरान पूरी टीम पीजीआईएमएस पहुंची और अलग-अलग विभागों में सुरक्षा संबंधित उपकरण जांचे।

टीम ने नई ओपीडी, ट्रॉमा सेंटर, लाल शम लाल बिल्डिंग, गर्ल्स और ब्वॉयज हॉस्टल, एसआईएमएच समत कई जगहों का दौरा किया। टीम ने यहां सभी भवनों में फायर लिफ्ट, सिस्टम, इमरजेंसी गेट, माइक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरों समेत सभी उपकरणों की जांच की। टीम ने लिफ्ट में ऊपर नीचे जाकर भी देखा और उसके इमरजेंसी सिस्टम को भी चेक किया। इसे साथ ही टीम ने पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसएस लोहचब के साथ भी मुलाकात की। उन्होंने सलाह दी है कि संस्थान में भीड़ ज्यादा है तो ऐसे में मल्टी स्टोरी पार्किंग भी बनाई जा सकती है। बता दें कि गुप्तचर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा एक पत्र जारी किया गया था और कहा गयाा था कि संस्थान की चेकिंग की जानी है। इसी पत्र के मद्देनजर पीजीआईएमएस में सुरक्षा संबंधी जांच की गई है।





**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी का सुरक्षा ऑडिट करते पुलिस और बम्ब निरोधक दस्ते और पीजीआईएमएस के डायरेक्टर डॉ. एसएस लोहचब के बातचीत करतें पुलिस और बम्ब निरोधक दस्ते। फोटो : हरिभूमि

■ गुप्तचर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जांच के लिए पत्र किया था जारी

टीम ने माइक सिस्टम चेक किया और अनाउंसमेंट के जरिए इमरजेंसी गेट भी चेक किया। टीम को जो भी खामियां मिली उसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है और जल्द ही इसे सौंप दिया जाएगा।

### कैमरे लगाने के आदेश

टीम ने संस्थान में लग हर जगह सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की। देखा गया कि किन जगहों पर कैमरे चल रहे हैं और किन जगहों पर नहीं। जिन जगहों पर नहीं चल रहे या जरूरत है उन जगहों पर कैमरे लगाने की भी बात कही गई।

### हॉस्टल में हो सभी प्रबंध

टीम ने पीजीआईएमएस के हॉस्टल्स भी जांचे। इस दौरान छात्रों के रहन सहन और उनके कमरो सिहत, मेन गेट की एंट्री आदि को भी जांचा गया। हॉस्टल में कौन किस टाइम आता है, इसका भी रिकॉर्ड लिया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्रों की सुरक्षा संबंधी उपकरणों और सुविधाओं को भी चेक किया गया।

### पार्किंग को बढ़ाने का भी सुझाव

पुलिस और बम्ब निरोधक दस्ते ने पार्किंग भी देखी। इस दौरान उन्होंने भीड़ को देखते पार्किंग को बढ़ाने का भी सुझाव दिया। संस्थान में हर रोज 798 हजार मरीज आते हैं, जो भीर्ती हैं वे अलग हैं। इसलिए पार्किंग बढ़ाई जा सकती है। टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है और जल्द ही इसे विभाग को भेजेगी।



# शिविर में 48 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ सभी रक्तदताओं को संत बाबा सुखा शाह महाराज और मनीष मेहता ने प्रशंसा पत्र देकर

देश भक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 48 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि नंद किशोर मेहता समाजसेवी एवं मनीष मेहता रहे। सभी रक्तदताओं को संत बाबा सुखा शाह महाराज और मनीष मेहता ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनुज चावला, राजू गांधी समाजसेवी, बलदेव, राजकुमार अरोड़ा, अमित मक्कड़, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोहतक में पेट्रोल पंपों की हड़ताल स्थगित: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ हरियाणा में 30 व 31 मार्च को कोई हड़ताल नहीं

पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पुनित कौशिक ने बताया कि हरियाणा में 30 व 31 मार्च को कोई हड़ताल नहीं है। हड़ताल स्थगित कर दी गई है। इस दौरान पेट्रोल पंप पर पहले ही तरह ही काम किया जाएगा और आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएंगी। उन्हें पेट्रोल डीजल मिलता रहेगा।

# बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों के परिवार पहचान पत्र बनेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बाल कल्याण समिति द्वारा नवम्बर 2023 से फरवरी 2024 में आए केसों पर चर्चा की गई। आशीष कुमार ने कहा कि बाल कल्याण समिति में आने वाले केसों का तुरंत प्रभाव से निपटान करें और जो भी केस समिति के सामने पेश होते हैं। उन्होंने समय-समय पर केसों की प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्पोंसरशिप योजना की ज्यादा से ज्यादा जागरूकता की जाए। बाल देखरेख संस्थानों मे रहने वाले बच्चों के परिवार पहचान पत्र में आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निपटान किया जाए ताकि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों को पहचान मिल सके।

### सुंदर जेटली के नेतृत्व में 193 खंडित तिरंगे नोडल अधिकारी को सौंपे



**रोहतक।** समाजसेवी सुंदर जेटली के नेतृत्व में मेरा झंडा मेरी शान अभियान टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानपूर्वक संभाले गए 193 खंडित तिरंगे निष्पादन के लिए नगर निगम के नोडल अधिकारी विपिन नरवाल को सौंपे गए। सुंदर जेटली ने बताया कि 15 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री के आहवान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। इसके बाद घरों पर, कारखानों पर, यहां तक की सरकारी भवनों पर और सड़कों पर भी तिरंगा खंडित हालत में नजर आना आम बात हो गई। खंडित तिरंगे निष्पादन करवाने के लिए निगम को सौंपे गए। अब तक टीम 4044 खंडित तिरंगे नोडल अधिकारी को सौंप चुकी है। 381 से ज्यादा तिरंगे आगामी कार्यक्रम के लिए घरों में सम्मान पूर्वक संभाले जा चुके हैं। अभियान को सफल बनाने में जितेंद्र कुमार , नारी उदय फाऊंडेशन (कपिल) अंध प्रकाश विद्यालय घनीपुरा से रानी हुड्डा अहलावत, कृष्ण फौगाट, शहीद रविंद्र धर्मार्थ ट्रस्ट कमला नगर से नवीन कुमार, शमशेर वत्स सुरहेती, सुनो नहरों की पुकार मिशन से अजय हुड्डा, नरेंद्र कटारिया, अश्वनी वशिष्ट, विकास चहल, राजेंद्र प्रसाद का योगदान रहा।

# मॉडल संस्कृति स्कूलों में दाखिला फीस लेना सही नहीं, निर्देश किए जाएं रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ सरकार दाखिला व मासिक फीस लेकर आरटीई नियम का कर रही उल्लंघन

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला प्रधान रामराज काद्यान के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक दिलजीत सिंह से मिला तथा मौलिक शिक्षा निदेशक पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिसमें संघ द्वारा सरकार से मांग की गई कि राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय में दाखिला संबंध में जारी की गई हिदयात को दोबारा से पुनर्विचार करते हुए जारी किया जाए। आरटीई नियम के अनुसार 6 से 14 वर्ष के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का प्रावधान है परंतु सरकार दाखिला फीस व मासिक फीस लेकर इसका उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी निर्देश नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध हैं, नई शिक्षा नीति में बच्चों को उसकी मातृभाषा में शिक्षा दिया जाने का प्रावधान है परंतु इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम को अपनाया गया है जो कि नई शिक्षा नीति के बिल्कुल विपरीत है।



**रोहतक।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक दिलजीत सिंह को ज्ञापन देते हुए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल । फोटो : हरिभूमि

### छात्र संख्या होगी कम

कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा व चेयरमैन ललित कुमार ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालयों के पास बहुत सारे ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जोकि मॉडल संस्कृति नहीं हैं, वहां से जो बच्चा पांचवी पास करके जाएगा उनका दाखिला लेने में अत्यधिक समस्या आएगी क्योंकि वे केवल हिंदी माध्यमिक विद्यालय में ही दाखिला लेना चाहते हैं, इससे छात्र संख्या काफी कम होगी। एक तरफ तो सरकार हरियाणा चिराग योजना चलाकर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को प्राइवेट विद्यालय में फ्री में शिक्षा दिलवा रही है और दूसरी तरफ राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से फीस ली जा रही है जोकि किसी भी मायने में सही नहीं है।

### स्वामी निरंजन गिरी की पुण्यतिथि पर खेड़ी महम में रामायण पाठ 4 को

**महम।** शिवानंद धर्मार्थ औषधालय खेड़ी महम के पूर्व संचालक ब्रह्मलीन स्वामी श्री निरंजन गिरी जी महाराज की छठी पुण्यतिथि पर शिवानंद आश्रम में श्री अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा और भंडारा लगाया जाएगा। शिवानंद धर्मार्थ औषधालय के डॉक्टर के के लांबा ने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह 7 बजे श्री अखंड रामायण पाठ शुरू किया जाएगा। इस दिन रात को 8 बजे सत्संग होगा। 5 को सुबह 8 बजे कथा का समापन होगा। सुबह दस बजे संतों का स्वागत किया जाएगा। सुबह 11 बजे भंडारा शुरू किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# यूपी में बदमाशों को सही इलाज कर रहे मुख्यमंत्री योगी : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग दास गर्ग ने महम में व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक से पूर्व उन्होंने गिरोत्रा बैंक्वट हॉल में पत्रकारों को संबोधित किया। बजरंग दास गर्ग ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल है। उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाना चाहिए।

आए दिन व्यापारियों से फिरोतियां मांगी जा रही हैं और उन पर हमले किए जा रहे हैं। आज प्रदेश में बदमाशों को चीरा लगाने की जरूरत है। हुड्डा सरकार में बदमाश प्रदेश छोड़कर भाग गए थे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बदमाशों का सही इलाज कर रहे हैं। यहां भी बदमाशों का इलाज करने की जरूरत है। व्यापारियों की मांगें उठाते हुए बजरंग दास गर्ग ने कहा कि आबकारी एवं काराधान विभाग द्वारा सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट योजना जो 1 जनवरी 2024 से 30 मार्च 2024 तक रखी थी, उसको सरकार को 31 दिसंबर 2024 तक करना चाहिए ताकि सरकारी विभाग द्वारा जो व्यापारी व उद्योगपतियों की तरफ जायज-नाजायज टैक्स बकाया निकाल रखा है।



**महम।** पत्रकारों को संबोधित करते व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### न दुकान पर सुरक्षित और न ही घर पर

प्रदेश में व्यापारी ना घर पर, ना दुकान में और ना ही सड़क पर सुरक्षित है। सरकार ना रोजगार दे पा रही है और ना ही अपराध पर अंकुश लगा पा रही है। जबकि सरकार ने उद्योगों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की थी जो घोषणा सिर्फ जुमला सिद्ध हुआ है।

# हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने गांव सुनारियां कलां निवासी फाइनेंसर रविंद्र की हत्या के मामले में पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। गांव में करीब 6 साल पहले हुई हत्या का बदला लेने के लिए रविंद्र की हत्या की गई है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक 22 मार्च को गांव सुनारिया निवासी रविंद्र गोली लगने के बाद पीजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। मृतक के पिता दिलबाग की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि रविंद्र के खिलाफ हत्या और हत्या का प्रयास के मामले दर्ज हैं। वह 22 मार्च को दोपहर करीब डेढ़ बजे खाना खाकर घर से बाहर घूमने गया था। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी। दिलबाग ने बाहर आकर देखा तो रविंद्र को उसके दोस्त गाड़ी में डाल रहे थे। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।



■ बदला लेने के लिए की थी फाइनेंसर की हत्या

जांच के दौरान एएसआई दिनेश के नेतृत्व में टीम ने छापे मारते हुए 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश मुकुल निवासी बलियाना निवासी कमला नगर और झज्जर के गांव डीघल निवासी अनिल उर्फ काला को झज्जर रोड से गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, आदि के मामले भिवानी, रोहतक और झज्जर में दर्ज हैं। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर विजय नगर निवासी युवक पर जानलेवा हमला कर पैसे छीनने की वारदात को अंजाम भी दिया था। उसका थाना शिवाजी कॉलोनी में मामला दर्ज है। इसमें आरोपी मुकुल पर पुलिस ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## विश्वविद्यालय के लेक्चर थिएटर वन में विदाई पार्टी का आयोजन

# कार्डियक एनस्थिसिया के हेड डॉ. मल्होत्रा ने ली वीआरएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के कार्डियक एनस्थिसिया विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन मल्होत्रा ने वीआरएस ले ली है। विश्वविद्यालय के लैक्चर थिएटर वन में टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से उन्हें विदाई पार्टी दी गई।

कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. धूरव चैधरी व डीन डॉ. कुलदीप सिंह लालर ने टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से डॉ. नवीन मल्होत्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच का संचालन डॉ. सुधीर अत्री ने किया।

कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने कहा कि वें चाहती है कि डॉ. नवीन अभी भी अपना फैसला वापस लेकर संस्थान से जुडे रहें। कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने जब डॉ. नवीन हमेशा अपना कार्य पूरी लग्न और मेहनत के साथ करते थे। उन्होंने जब उनके वीआरएस लेने के फैसले के बारे में सुना था तो यकीन नहीं हुआ था। निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने कहा कि डॉ. नवीन मल्होत्रा ने बहुत कम उम्र में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। डॉ. लोहचब ने कहा कि डॉ. मल्होत्रा के साथ ओटी में कार्य करने का काफी अनुभव रहा है और हमेशा अपने कार्य को पूर्ण रूप से समर्पित रहे हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. धूरव चैधरी ने कहा कि डॉ. मल्होत्रा ने संस्थान में पेन क्लीनिक को एक अलग पहचान दिलाई है। डॉ. नवीन मल्होत्रा ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु डॉ. सुधीर अत्री और उनकी टीम का धन्यवाद किया और कहा कि वें संस्थान से मिले प्यार को कभी नहीं भुला पाएंगे। डॉ. नवीन मल्होत्रा ने कहा कि उनकी पत्नी डॉ. राखी मल्होत्रा का उनको हमेशा सहयोग रहा तभी वें रात्रि 11-12 बजे तक भी ओपीडी में मरीज देखते थे और उन्हें मरीजों को होने वाले आराम से बहुत खुशी मिलती थी। उन्होंने कहा कि वें डॉ. एस एस लोहचब का धन्यवाद करते हैं, जिनके सहयोग से कार्डियक एनस्थिसिया विभाग शुरू हो पाया।



### 235 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय जनरल में पब्लिकेशन

डॉ. सुधीर अत्री ने कहा कि डॉ. मल्होत्रा विनम्र स्वभाव के हैं और जमीन से जुड़े हुए है और इन्होंने संपूर्ण जीवन मरीजों की सेवा में लगाया है। डॉ. गीता ने डॉ. नवीन मल्होत्रा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. मल्होत्रा का जन्म 1971 में हुआ था और वें मॉडल स्कूल में पढे। वर्ष 1990 में पीजीआई से एमबीबीएस की और 1996 में संस्थान से ही एमडी की डिग्री की। डॉ. गीता ने बताया कि डॉ. मल्होत्रा के 235 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय जनरल में पब्लिकेशन हैं, 500 कांफ्रेस में उन्होंने अपनी प्रस्तुती दी है, 20 से अधिक रिसर्च प्रोजेक्ट में सुपरवाइज किया है। डॉ. मल्होत्रा को 2015 में आईएसए भोपाल राष्ट्रीय अवार्ड, 2009 में केआरपी यंग एनस्थिसियोलोजिस्ट राष्ट्रीय अवार्ड आदि दर्जनों अवार्ड मिले हुए हैं। इस अवसर पर डॉ. राखी मल्होत्रा, डॉ. प्रवीण मल्होत्रा, डॉ. वाणी मल्होत्रा, डॉ. सुधीर अत्री और डॉ. वरुण अरोड़ा उपस्थित रहे।